# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode – 494001

Web: www.smkvbastar.ac.in E-mail-exambastar@gmail.com Telephone 07782-229884,

क्रमांक / 2107 /परीक्षा / गोपनीय / श.म.क.वि.वि. / 2025–26 जगदलपुर, दिनांक 30 / 12 / 2025

## / /वार्षिक परीक्षा अधिसूचना/ /

विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा सत्र् 2025–26 में स्नातक भाग–2 (अमहाविद्यालयीन / पूरक अंतिम अवसर) स्नातक भाग–3 (नियमित / अमहाविद्यालयीन / भूतपूर्व / पूरक) एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | आवेदन विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने की तिथि। | **01.01.2026 से 15.01.2026 तक** |
| 2 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन सबंधित महाविद्यालय में जॉच (Online Verify) कराकर, सहपत्रों सहित जमा करने की तिथि। | **01.01.2026 से 16.01.2026 तक** |
| 3 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन किये गये परीक्षा आवेदनों का हार्डकापी सहित (Verified Student) की सत्यापित सूची एवं अशेष प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय मे जमा करने की तिथि। | **20.01.2026 से तक** |

### A. परीक्षा में सम्मिलित होने की अर्हता :–

1. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश के अनुसार अर्हतदायी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रमाण स्वरूप अर्हतादायी परीक्षा की सत्यापित प्रतियां आवश्यकतानुसार संलग्न करना आवश्यक होगा।
2. आनलाईन आवेदन से पूर्व परीक्षार्थी अपने अर्हता का भली भांति परीक्षण करें। स्नातक स्तर पर अध्ययन विषयों को छोडकर किसी अन्य विषय के स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं तो ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है।
3. यदि इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किसी परीक्षा में सम्मिलित हुये हो, तो अंकसूची की छायाप्रति।
4. सत्र् 2024–25 की वार्षिक परीक्षा एवं उसके पूर्व वि.वि. की परीक्षा में सम्मिलित न हुए हो तो गैप सर्टिफिकेट (नोटरी द्वारा शपथपत्र)।
5. यदि इस विश्वविद्यालय से किसी पाठ्यक्रम का परीक्षा उत्तीर्ण किया हो और वर्तमान में पाठ्यक्रम में परिवर्तन आ गया हो, तो विषय / प्रश्नपत्रों के चयन के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये पात्रता प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय से प्राप्त कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संग्लन करें।
6. छत्तीसगढ़ के बाहर एवं अन्य विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले परीक्षार्थियों के लिए माइग्रेशन / पात्रता प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
7. वर्ष 2025 या उसके पूर्व अनुचित साधन (U.F.M.) उपयोग करने वाले प्रकरण पर परीक्षा से वंचित किया गया हो, तो उस अधिसूचना की सत्यापित प्रति, जिसमें वर्ष 2026 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है, संलग्न करना अनिवार्य है।
8. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र् में विश्वविद्यालय की एक से अधिक उपाधि / डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं है (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।

**B. ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश :–**

1. परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** →Examination → Examination Form → Apply→ Exam Form में प्राप्त User ID & Roll No. (Password) के माध्यम से Login कर वार्षिक परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेंगे।
2. ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित हुए हो/गेप/अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होकर, वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है तथा User ID & Password नहीं है वे Student Long → New Registration में जाकर User ID & Password प्राप्त कर विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में Student Long में User ID & Password Login कर Apply for Examination में ऑनलाईन आवेदन परिपूरित करेंगे।
3. परीक्षार्थी अपना प्रोफाईल जैसे कि स्टुडेन्ट डिटेल्स, एकेडमिक डिटेल्स, ड़ाक्युमेंट डिटेल्स, फोटो, सिंगनेचर इत्यादि अपडेट करेंगे। यदि ठीक हो तो आवश्यकता नहीं है।
4. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म भरने के पश्चात पुनः समस्त भरे हुये ऑनलाईन आवेदन का परीक्षण करें, सही होने पर ही परीक्षा शुल्क के Option में जाकर नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क अधिसूचित भारतीय बैंक के UPI/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान करेंगे।
5. Proceed to payment में Click कर ऑनलाईन शुल्क भुगतान करेगें।
6. परीक्षा फीस का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन प्रिंटआउट की एक प्रति समस्त दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में जमा करें तथा दूसरी प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
7. परीक्षार्थी अपने User ID & Password सुरक्षित रखें ताकि भविष्य में उक्त (User ID & Password) के माध्यम से विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा आवेदन/प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे।
8. परीक्षार्थी ऑनलाईन भुगतान सावधानी पूर्वक करें। बार–बार भुगतान करने के प्रयास से अधिक भुगतान होने पर फीस वापसी नहीं किया जायेगा।
9. यदि परीक्षार्थी को ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्याएँ हो रही हो या Exam Fees का भुगतान कर दिया है और उसके अकांउट से निर्धारित शुल्क की राशि कट गई है एंव Transaction स्टेटस Pending दिखा रहा हो तो दोबारा पेमेंट न करें। विश्वविद्यालय के वेबसाईट में Complain Box में अपना शिकायत दर्ज कर सकते है।
10. ऑनलाईन भुगतान करते समय अपने बैंक खाते का विवरण, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग का नम्बर/यूजर आईडी/पासवर्ड/पिन किसी भी अन्य व्यक्ति से साझा न करें। सुरक्षा सर्तकता और गोपनीयता की जिम्मेदारी आपकी होगी।
11. राज्य शासन के निर्णयानुसार दृष्टिहीन/दिव्यांग परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी। दृष्टिहीन/दिव्यांग परीक्षार्थियों का प्रमांण पत्र को विश्वविद्यालय से ऑनलाईन परीक्षण करने के पश्चात् ही परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी।

**C. हेल्प लाईन नं./Complain Box**

- **विश्वविद्यालय :– EXAM - 07782-229884, E-mail: exambastar@gmail.com**
- **वेबसाईट :– MOBILE – 08062526441, E-mail: smkvhelpdesk@gmail.com**
- **Complain Box** :–यदि परीक्षार्थी को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्याएँ हो रही हो तो अपना शिकायत विश्वविद्यालय के Complain Box में दर्ज कर सकते हैं। तथा Complain की स्थिति जानने के लिए Track Complain में Click करेंगे।

**D.** वार्षिक परीक्षा शुल्क संबधी आवश्यक निर्देश :–

| Annual Examination fees for the Regular/Non College/Ex.Student/Supply Student Session. 2025-26 | | | | |
|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of the Program | Amount (Rs.) Regular Ex.Student | Amount (Rs.) Non Collegiate | Amount (Rs.) Supply Student |
| 1 | B.A./B.Com. Part- II& III | 1015 | 1445 | 720 |
| 2 | B.Sc/B.H.Sc. Part– II & III | 1040 | 1445 | 1000 |
| 3 | B.C.A. Part- II &III | 2000 | 2000 | 1000 |
| 4 | M.A. Final | ---- | 1625 | ---- |
| 5 | M.Com. Final | ---- | 1625 | ---- |

**आवश्यकतानुसार अन्य शुल्क निम्नानुसार देय होगा**

- **a.** अग्रेषण शुल्क नियमित/अमहाविद्यालयीन/भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थियों के लिए रू. 35/–
- **b.** अतिरिक्त विषय रू. 135.00 स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में पर्यावरण अध्ययन विषय चयन के लिये।
- **c.** अप्रवासन शुल्क रू. 275.00 छ.ग. के बाहर के बोर्ड अथवा वि.वि. से परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले छात्रों के लिए ऑनलाइन भुगतान करना होगा। (Student Login- Student Other Fees) के माध्यम से जमा करेगें)
- **d.** ऑनलाइन केन्द्र परिवर्तन शुल्क रू. 220.00 (सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक)
- **e.** विषय/प्रश्न पत्र परिवर्तन शुल्क रू. 135/– (ऑनलाईन भुगतान करना होगा।)
- **f.** संकाय परिवर्तन शुल्क रू. 135/– (ऑनलाईन भुगतान करना होगा।)
- **g.** नाम/उपनाम परिवर्तन शुल्क रू. 165.00
- **h.** त्रुटि सुधार शुल्क रू. 110.00 (नाम/उपनाम/अंक सुधार एवं अन्य ऑनलाईन करना होगा।)
- **i.** राज्य शासन के निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थी को परीक्षा शुल्क में छूट की पात्रता होगी।

**E.** **निवास प्रमाण–पत्र :–**

1. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के लिए यह आवश्यक है, कि वह विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में अर्थात् बस्तर, कांकेर, नारायणपुर, कोण्डागांव, दन्तेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, जिले का मूल निवासी हो अथवा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि से 12 माह पहले से निवास कर रहा हो।
2. निवास संबंधी उक्त शर्त को पूर्ण करने के लिये परीक्षार्थी को संबंधित जिले के जिलाधीश/अनुविभागीय दण्डाधिकारी/तहसीलदार/अथवा अधिकृत सक्षम अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
3. विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित करने हेतु अस्थाई निवास प्रमाण–पत्र दे सकते हैं इसके लिये परीक्षार्थी को स्वयं उनके माता/पिता अथवा स्थानीय संरक्षक को विधिवत शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह बस्तर संभाग के जिले का निवासी है।
4. केन्द्र अथवा राज्य शासन के कर्मचारी अथवा उनके पाल्य या उन पर आश्रित के लिये संबधित विभाग के विभागध्यक्ष द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र निवास प्रमाण–पत्र के लिए मान्य होगा।
5. जो परीक्षार्थी इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 2025 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुये थे, उन्हें पुनः निवास प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है। एक वर्ष से अधिक गेप होने पर निवास प्रमाण पत्र पुनः देना होगा।
6. राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी/नेवी/आर्मी/वायुसेना/अर्धसैनिक बल इत्यादि के कर्मचारी उनके सक्षम अधिकारी से अनुमति पत्र प्राप्त कर संलग्न करें। उन्हें निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है।

**F.** **महाविद्यालयों के प्राचार्यो/अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक निर्देश :–**

1. महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन करने हेतु सूचना/दूरभाष/वॉटसप इत्यादि के माध्यम से सूचित करेंगे।
2. महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की जॉच करने के लिए प्राचार्य/अग्रेषणकर्ता अधिकारी अपने User ID & Password से College में Login करेंगे।
3. विद्यार्थी द्वारा जमा कराये गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदनों की कक्षावार सूची College Login में Multiple Report से Report download कर परीक्षा आवेदन का परीक्षण (जॉच) करेंगे।

4. विद्यार्थी द्वारा जमा करायें गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एंव आवश्यक दस्तावेज का ऑनलाईन परीक्षण कर परीक्षा आवेदन की सूची प्राप्त करें एवं जारी निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में जमा करें।
5. दूसरे विश्वविद्यालय या प्रदेश से बाहर की परीक्षा उत्तीर्ण कर आने वाले विद्यार्थियों का मूल माइग्रेशन/पात्रता प्रमांण पत्र का मूल प्रति संलग्न करावें।
6. विद्यार्थी द्वारा अपलोड किये गये दस्तावेजों जैसे कि 10वीं/12वीं/स्नातक/माईग्रेशन/पात्रता/जाति/निवास/गेप सर्टिफिकेट इत्यादि का परीक्षण करेंगे।
7. विद्यार्थी द्वारा जमा की गई शुल्क की राशि निर्धारित अनुसार है का परीक्षण आवश्यक है।
8. विद्यार्थियों को विषय/प्रश्नपत्र परिवर्तन करने की अनुमति नहीं है। परिवर्तन करने पर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
9. विद्यार्थियों द्वारा माध्यम का चुनाव हिन्दी/अंग्रेजी सही–सही किया गया है का परीक्षण करेंगे।
10. केन्द्र अथवा राज्य शासन के कर्मचारी अथवा उनके पाल्य या उन पर आश्रित के लिये संबधित विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा दिया गया प्रमाण–पत्र निवास प्रमाण–पत्र के लिए मान्य होगा।
11. शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं का आर्हता हेतु छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत में दिये गये प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।
12. प्राचार्य, किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर विश्वविद्यालय से सम्पर्क करेंगे।
13. परीक्षार्थी द्वारा जमा किये ऑनलाईन आवेदन में उल्लेखित समस्त विवरण तथा संलग्न समस्त दस्तावेजों का भली भाँति परीक्षण करेंगें अन्यथा परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन निरस्त होने की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

**G. परीक्षा समय सारणी :–**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा समय सारिणी (Time Table) यथा समय जारी की जाएगी। परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तिथियॉ परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय के सूचना पटल अथवा विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** में अवलोकन सकते हैं।

**H. प्रवेश पत्र :–**

परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 दिन पूर्व विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.smkvbastar.ac.in** से प्रवेश पत्र (Admit Card) डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

कुलसचिव
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर**
**जगदलपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/ 2108 /परीक्षा/गोपनीय/श.म.क.वि.वि./2025–26 जगदलपुर, दिनांक 30/12/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)।
2. सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा, रायपुर (छ.ग.)।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी द्वितीय तल, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.)।
4. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समन्वयक, IQAC शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
7. समस्त विभाग, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ।
8. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. आई.टी. सेल/वेबसाईट प्रभारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।
10. सूचना पटल में प्रदर्शित करें।

**सहायक** कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर**
**जगदलपुर (छ.ग.)**